**राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान**
**( वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)**
**हौजखास, नई दिल्ली 110016- भारत**

**भारत के राष्ट्रीय साईजिंग सर्वेक्षण (इंडियासाइज़) में भागीदारी के लिए सहमति प्रपत्र**

**यूनिक स्कैन आईडी**...............................................

**सामान्य जानकारी -** एक निश्चित विषय या मुद्दे की बेहतर समझ हासिल करना किसी भी शोध का मुख्य उद्देश्य होता है। इस प्रकार के अध्ययन या सर्वेक्षण प्रतिभागियों को किसी भी व्यक्तिगत लाभ की गारंटी नहीं देते हैं। इस सर्वेक्षण में भागीदारी स्वैच्छिक है और प्रतिभागी स्वेच्छानुसार, बिना किसी दबाव के किसी भी स्तर पर भाग नहीं लेने का निर्णय कर सकते हैं। इस सर्वेक्षण में भाग लेने का अनुरोध करते हुए, यह सहमति पत्र इस अनुसंधान के बारे में आपको विशिष्ट विवरण प्रदान करेगा। यह प्रतिभागियों का अधिकार है कि वे मौक़े पर उपस्थित प्रोजेक्ट अधिकारियों से प्रस्तावित अनुसंधान के बारे में कोई स्पष्टीकरण या जानकारी या फॉर्म में उल्लेखित किसी भी बिन्दु पर स्पष्टीकरण माँग सकते हैं। इस सहमति फॉर्म की एक प्रति भविष्य के संदर्भ और प्रलेखन के लिए प्रतिभागी को प्रदान की जाएगी।

**पृष्ठभूमि -** यह सर्वेक्षण कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ़्ट) नई दिल्ली द्वारा भारतीय जनसंख्या के मापों के आधार पर वस्त्र एवं परिधान उद्योग के लिए एक व्यापक-साइज़ चार्ट विकसित करने के लिए किया जा रहा है । यह सर्वेक्षण एक वैज्ञानिक–प्रक्रिया है, जहां एक नमूना /सैम्पल आबादी में से 15 से 65 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के स्त्री एवं पुरुषों के शारीरिक माप एकत्र किए जायंगे । इसमें प्रतिभागियों का शारीरिक माप, एक विशिष्ट स्कैन सूट का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षित 3 डी (3D) स्कैनिंग तकनीक द्वारा लिया जाएगा। इस प्रक्रिया में शारीरिक माप संबंधी डेटा के अतिरिक्त जनसांख्यिकीय डेटा भी एकत्रित किया जाएगा जिसका प्रयोग सूचनाओं के विश्लेषण में किया जाएगा।

**सर्वेक्षण का उद्देश्य और लाभ -** इस सर्वेक्षण का लक्ष्य परिधान आकार देने वाली प्रणालियों में असमानताओं और विसंगतियों का ध्यान रखते हुए परिधानों **के** बेहतर नाप प्रदान करना है। भारतीय जनसंख्या के लिए परिधान आकार चार्ट (तैयार वस्त्र) का मानकीकरण इस सर्वेक्षण का एक प्रमुख उद्देश्य है। इस अध्ययन के निष्कर्ष परिधान के अलावा, मोटर वाहन, एयरोस्पेस, फिटनेस और खेल, कला, कंप्यूटर गेमिंग, चिकित्सा, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी प्रभावी होंगे, जहां इस डेटा से भारतीय आबादी के लिए उत्तम गुणवत्ता वाले सुगम एवं अनुकूल उत्पादों का निर्माण किया जा सकेगा।

**समय और गतिविधि -** सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए सहमत होने वाले प्रतिभागी को निम्न प्रक्रिया से गुज़रना होगा

1) ऑपरेटर द्वारा ( प्रतिभागी को ) सर्वेक्षण की प्रारम्भिक जानकारी दी जाएगी और एक स्कैन आईडी सौंपी जाएगी (5 मिनट),
2) प्रतिभागी द्वारा अध्ययन में भाग लेने हेतु सहमति प्रपत्र को पढ़ना और इसे पूरा किया जाना) (5 मिनट),
3) सामाजिक जनसांख्यिकीय प्रश्नावली को भरना, जिसमें अनिवार्य एवं ऐच्छिक प्रश्न हैं। ऐच्छिक प्रश्नों का उत्तर देना प्रतिभागी की इच्छा पर निर्भर है, यद्यपि प्रतिभागी से अनुरोध है कि वह अधिकतम संख्या में इन प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें। (अधिकतम 10 मिनट ),
4) कुछ चयनित प्रतिभागियों के शारीरिक माप ( छः माप) एवं ऊँचाई पारम्परिक तरीक़ों से फ़ीता द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लिए जा सकते हैं। (5 मिनट ),
5) बॉडी स्कैनर से जुड़े ड्रेसिंग रूम में स्कैनिंग सूट का प्रतिभागी द्वारा पहना जाना और स्कैनिंग कपड़ों में दो मुद्राओं में ( 1 बैठे हुए और 1 खड़े हुए मुद्रा मे) में शरीर स्कैन किया जाना (15 मिनट ) और,
6) प्रतिभागी द्वारा स्कैन सूट उतार कर अपने मूल कपड़े वापस पहनना, और जाने से पहले धन्यवाद ज्ञापन प्राप्त करना, (5 मिनट )

ऊपरी भाग एवं निम्न भाग स्कैन सूट के दो प्रमुख भाग हैं ,जो प्रतिभागी उचित आंतरिक वस्त्र नहीं पहने होंगे, उन्हें, शरीर के माप की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त आंतरिक परिधान प्रदान किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदान किए गए आंतरिक परिधान नये हों और अंततः ये वस्त्र प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के रूप में दे दिए जाएँगे। शरीर स्कैन करते समय स्कैनर में गहराई मापन तकनीक का उपयोग किया जाता है जो प्रतिभागी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। उपरोक्त सूचीबद्ध गतिविधियों के लिए लिया गया कुल समय 45 मिनट है।

**स्कैनिंग प्रक्रिया के जोखिम** - यह 3डी (3D) शरीर स्कैनिंग प्रक्रिया मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। इस प्रक्रिया में प्रयोग किए गए साइज़स्ट्रीम 3 डी (3D) बॉडी स्कैनर पूरी तरह से सत्यापित किए गए हें और ये मानव स्वास्थ्य के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक नहीं हैं। इस सम्बंध में सुरक्षा-मानक प्रमाणपत्र केंद्र प्रबंधक के पास उपलब्ध हैं और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने से पहले प्रतिभागी द्वारा इस विषय पर जाँच का अनुरोध किया जा सकता है।

**गोपनीयता -** अध्ययन के दौरान एकत्र की गई व्यक्तिगत जानकारी को सदैव गोपनीय रखा जाएगा और इसे कभी भी साझा नहीं किया जाएगा। प्रतिभागी के स्कैन डेटा एवं अन्य जानकारियों को केवल भारत सरकार द्वारा अनुमोदित क्लाउड सेवाओं द्वारा संग्रहीत किया जाएगा। डेटा पूर्णतः सुरक्षित रूप से बंद फ़ाइलों में ही संग्रहीत किया जाएगा। गोपनीयता बनाए रखने के लिए किसी भी मौखिक या लिखित रिपोर्ट में प्रतिभागियों के नाम या पहचान का कोई



Copyright © 2019 National Institute of Fashion Technology. All rights reserved.
This information cannot be circulated or used without prior approval of NIFT

संदर्भ नहीं दिया जाएगा। परियोजना केअंतर्गत एकत्र की गई जानकारी किसी भी व्यावसायिक उद्देश्य केलिए उपयोग नहीं की जाएगी और इसका उपयोग केवल परियोजना के दायरे में परिभाषित उद्देश्य केलिए ही किया जाएगा।

**धन्यवाद ज्ञापन** - प्रतिभागी को स्कैन सूट एक स्मारिका केरूप में उपहार में दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागी को सर्वेक्षण में भाग लेने केलिए उपहार स्वरूप 500/- रुपये का वाउचर प्राप्त होगा जो कि पूरी प्रक्रिया पूर्ण होने केबाद प्रतिभागी को दिया जाएगा। यदि प्रतिभागी प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले वापस जाना चाहता है तो इस स्थिति में प्रतिभागी किसी भी चीज़ केलिए हकदार नहीं होगा।

**निफ्ट छात्र और कर्मचारी** - इस सर्वेक्षण में भागीदारी, शैक्षिक पाठ्यक्रम या नौकरी की बाध्यता नहीं है और प्रतिभागी द्वारा इस सर्वेक्षण में भागीदारी करने या ना करने का निणरय किसी अनुबंध, किसी गरेड या मूलयांकन या नौकरी को किसी भी तरह से परभावित नहीं करेगा।

**इस अधययन के बारे में जाँच-पड़ताल** - जाँच-पड़ताल को india.size@nift.ac.in पर भेजा जा सकता है ।
परियोजना के पीआई - डॉ. नूपुर आनंद प्रोफेसर निफ्ट, दिल्ली
परियोजना के सह पीआई - डॉ. मोनिका गुप्ता प्रोफेसर निफ्ट, दिल्ली

<table>
<tr><td colspan="2">कृपया प्रतिभागियों की आयु श्रेणी की जाँच करें/</td></tr>
<tr><td>15वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी</td><td>65-18वर्ष और अधिक आयु के प्रतिभागी</td></tr>
<tr><td>प्रतिभागी का नाम<br>____________________________________<br>प्रतिभागी के माता-पिता/अभिभावक /कानूनी प्रतिनिधि<br>______________________________________<br>प्रतिभागी के माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि का फोन न .<br>प्रतिभागी<br>__________<br>__________<br>स्वयं/माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि का ईमेल<br>प्रतिभागी<br>__________<br>माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि<br>__________<br>स्वयं/माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि का पता<br>प्रतिभागी _<br>__________<br>माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि<br>__________</td><td>प्रतिभागी का नाम<br>_____________________________________<br>प्रतिभागी का फोन न .<br>_____________________________________<br>प्रतिभागी का ईमेल<br>_____________________________________<br>Address/पता<br>_____________________________________<br>गवाह का नाम (अशक्त प्रतिभागी की स्थिति में)<br>गवाह का फोन न. ____________________________________<br>गवाह का ईमेल ____________________________________<br>गवाह का पता<br>_____________________________________</td></tr>
<tr><td>एक मौखिक सहमति प्रपत्र को नाबालिग द्वारा पढ़ा और सहमति दी गई है ।<br>नाबालिक भागीदार का हस्ताक्षर<br>________________________________________<br>माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि का हस्ताक्षर<br>______________________________________<br>दिनांक __________________</td><td>प्रतिभागी का हस्ताक्षर<br>__________<br>प्रक्रिया को पूरी तरह से और ठीक से उस प्रतिभागी को समझाया गया है जो स्वेच्छा से इस अध्ययन में भाग ले रहा है<br>गवाह का हस्ताक्षर)अशक्त भागीदार की स्थिति मे(<br>__________<br>दिनांक __________________</td></tr>
</table>

**भाग लेने के लिए सहमति**

□ “मैंने उपरोक्त जानकारी को मौखिक रूप से पढ़ लिया है/ स्पष्ट कर लिया है और समझ लिया है। मुझे इस फॉर्म की एक प्रतिलिपि भी मिली है। मैं बिना किसी भय या दबाव के इस सर्वेक्षण/अध्ययन में स्वेच्छा से भाग लेने के लिए सहमत हूं, और इस समझ के साथ की मैं किसी भी समय स्वेच्छा से प्रक्रिया में भाग नहीं लेने का या प्रक्रिया रोकने का चुनाव कर सकता हूं, ऐसा करते समय उन लाभों (जिनके लिए मैं हकदार था) के नुकसान के लिए तैयार हूँ।”

□ मैं INDIAsize प्रतिनिधि को भविष्य में किसी पूछ-ताछ हेतु पुनः सम्पर्क करने की सहमति प्रदान करता हूँ।

"प्रतिभागी का हस्ताक्षर ___________________________ प्रतिभागी क्रमांक सं०/स्कैन आईडी _________________

साइट प्रभारी हस्ताक्षर __________________ साइट _____________ शहर _______________ दिनांक __________



Copyright © 2019 National Institute of Fashion Technology. All rights reserved.
This information cannot be circulated or used without prior approval of NIFT

**राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान**
**( वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)**
**हौजखास, नई दिल्ली 110016- भारत**

**भारत के राष्ट्रीय साईजिंग सर्वेक्षण (इंडियासाइज़) में भागीदारी के लिए सहमति प्रपत्र**

**स्कैनिंग साइट पर गतिविधि चैक लिस्ट**

**दिनांक :**
**स्थान :** **/ शहर**

| **गतिविधि** | **पूर्ण की गयी** | | **हस्ताक्षर - प्रभारी** |
|---|---|---|---|
| बायो-मेट्रिक | हाँ | नहीं | |
| सामाजिक जनसांख्यिकीय प्रश्नावली | हाँ | नहीं | |
| स्कैन सूट | हाँ | नहीं | |
| 3 डी स्कैनिंग | हाँ | नहीं | |
| गिफ़्ट वाउचर | हाँ | नहीं | |
| | | | |
| प्रतिभागी के हस्ताक्षर | | | |



Copyright © 2019 National Institute of Fashion Technology. All rights reserved.
This information cannot be circulated or used without prior approval of NIFT